अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , सोमवार,23 मार्च 2026

PAGE NO : IV TOP

रिद्धिमा में गुरु-शिष्यों ने मिलकर बिखेरा सुरों का जादू

- एसआरएमएस में संपूर्ण भैरवी का हुआ आयोजन, श्रृंगार रस में डूबे नजर आए तमाम श्रोता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम आयोजित संपूर्ण भैरवी कार्यक्रम में गायन के विद्यार्थियों और गुरुओं ने अपने स्वरों का जादू बिखेरा। मंत्र मुग्ध श्रोता स्वर गंगा की विभिन्न लहरियों में बहते चले गये। कभी प्रेम रस से भीगे तो कभी श्रृंगार में झूमे।

रिद्धिमा में संपूर्ण भैरवी कार्यक्रम में प्रस्तुति देते गायन के विद्यार्थी और गुरु। ● अमृत विचार

इंस्ट्रूमेंट गुरुओं सूर्यकांत चौधरी, सुरेंद्र सिंह, विशेष सिंह, ऋषभ आशीष पाठक, दीपकांत जौहरी, सीमा, जेरिक अमन जेम्स और दीपक राना अपने वाद्ययंत्रों के साथ कार्यक्रम का आरंभ किया। गायन के विद्यार्थियों अश्वथ कपूर, रेयांश, शालिनी पांडेय, अर्णव कन्नौजिया, अतिशय गोयल, नीलम, माही, मानसी, अशोक, गीतू, सोनम, अंशुमा ने 'जगत जननी' की आराधना प्रस्तुत की। गायन गुरु सात्विक मिश्रा और डा.वंदना दुग्गल खन्ना ने राग भैरवी में अपनी प्रस्तुति दी। गुरु प्रियंका ग्वाल ने गीत 'सैंया निकल गए' और 'हमारी अटरिया पे' को स्वर देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। गायन के विद्यार्थियों ने विभिन्न फिल्मी गीतों के फ्यूजन को अपनी बंदिश और तराना में पेश किया। फिल्म कुदरत के लिए मजरूह सुल्तानपुरी लिखित प्रसिद्ध फिल्मी गाने 'हमें तुमसे प्यार कितना' को इंदू परडल ने अपनी आवाज में प्रस्तुत कर श्रोताओं को प्रेम रस में भिगोया।

अंत में गायन गुरु प्रियंका ग्वाल और सात्विक मिश्रा ने 'बाजू बंद खुल जाए' और 'बरजोरी कीनी रे' को अपनी आवाज दी। कार्यक्रम का संचालन दीपाली सक्सेना ने किया। चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डॉ. रजनी अग्रवाल, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ.अनुज कुमार, डॉ.शैलेश सक्सेना, डॉ.आशीष कुमार, डॉ.रीता शर्मा मौजूद रहे।